कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– 9473942572, ई0–मेल eeupjnrural22@gmailcom

पत्रांक 1179 / M-8 / 137 दिनांक 29–09–2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद–बरेली।

विषय : **अमर उजाला के ई0–पेपर न्यूज/समाचार पत्र में दिनांक 29.09.2026 को प्रकाशित खबर बरेली : ओवरहेड टैंक के परिसर में बना कंट्रोल रूम भी टूटकर किच्छा नदी में समाया, के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र अमर उजाला, दिनांक 29.09.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है–

क्र0 सं0	विभाग का नाम	समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक	समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण	विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली	अमर उजाला दिनांक 29–09–2026	**ओवरहेड टैंक के परिसर में बना कंट्रोल रूम भी टूटकर किच्छा नदी में समाया,** ओवरहेड टैंक के परिसर में बना कंट्रोल रूम भी टूटकर किच्छा नदी में समाया	सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन (फेज–3) के अंतर्गत वर्ष 2022–23 में कार्यदायी संस्था मैसर्स एन०सी०सी० लि० द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया था। कार्य प्रारम्भ के समय जलकल परिसर की किच्छा नदी से दूरी लगभग 150 मीटर थी और प्रस्तावित भूमि फ्लड–जोन (Flood Zone) के अंतर्गत नहीं आती थी। माह सितम्बर 2026 में अत्याधिक वर्षा एवं गोला बेराज से नदी में अत्याधिक मात्रा में पानी छोडे जाने के कारण नदी में तीव्र कटान की स्थिति उत्पन्न होने के फलस्वरूप दिनांक 08.09. 2026 को पेयजल योजना का निर्माणाधीन अवर जलाशय नदी में ढह गया। विगत 3 दिनों से जनपद बरेली में हुई अत्यधिक मूसलाधार वर्षा तथा गोला बैराज से किच्छा नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़े	

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– 9473942572, ई0–मेल eeupjnrural22@gmailcom

				जाने के कारण नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई एवं तीव्र जलप्रवाह से भू–कटाव (Soil Erosion) और बढ़ गया, जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 28.09.2026 को पंप हाउस भी क्षतिग्रस्त हो गया। पूर्व में ही कटाव की स्थिति उत्पन्न होते ही विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए योजनांतर्गत स्थापित पम्प हाउस के अन्दर नलकूप से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि को सुरक्षित रूप से निकाल कर अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करा लिया गया।	

भवदीया

`

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
5. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता